Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 29 नवंबर, 2023

माइकल डगलस सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित

हाल ही में हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता **माइकल डगलस** को गोवा में **54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई)** में सिनेमा में उत्कृष्टता के लिये प्रतिष्ठित **सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड** से सम्मानित किया गया।

- सिनेमा जगत पर उनका गहरा प्रभाव **वॉल स्ट्रीट** में **गॉर्डन गेको** के रूप में उनके अकादमी पुरस्कार विजेता चित्रण से लेकर **फैटल अट्रैक्शन**, **द अमेरिकन प्रेसीडेंट, बेसिक इंस्टिंक्ट, ट्रैफिक और रोमांसिंग द स्टोन** जैसी कई अन्य फिल्मों में मनोरंजक प्रदर्शन तक की प्रतिष्ठित भूमिकाओं के माध्यम से प्रतिबिंबित होता है।
- **संयुक्त राष्ट्र के शांति दूत** के रूप में वैश्विक मुद्दों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता में निरस्त्रीकरण, परमाणु अप्रसार और अवैध हथियारों के व्यापार को रोकना शामिल है।

और पढ़ें... [54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई)](#)

ASEAN इंडिया ग्रासरूट्स इनोवेशन फोरम (AIGIF) का चौथा संस्करण

28 नवंबर, 2023 को मलेशिया के लैंगकावी में लॉन्च किए गए वार्षिक **आसियान इंडिया ग्रासरूट्स इनोवेशन फोरम (AIGIF)** के **चौथे संस्करण** में 200 प्रतिभागियों ने **10** [**आसियान**](#) **सदस्य देशों (AMS)** के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया।

- **AIGIF** एक वार्षिक कार्यक्रम है जो **विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (STI)** में सहयोग के आधार पर भारत एवं **AMS** के बीच मज़बूत संबंधों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
- जहाँ एक तरफ इसका उद्देश्य विभिन्न देशों में सामाजिक नवाचारों को बढ़ावा देना है, वहीं यह ज़मीनी स्तर के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में शासन को भी मज़बूत करता है।

और पढ़ें... [आसियान](#)

आधार गोपनीयता और वैवाहिक अधिकार

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने हाल ही में इस बात पर प्रकाश डाला कि [**विवाह**](#) **एक पति अथवा पत्नी** को निष्पक्ष सुनवाई के बिना दूसरे के [**आधार डेटा**](#) **प्राप्त करने का अधिकार** नहीं देता है।

- न्यायालय ने इस धारणा को खारिज़ कर दिया कि विवाह पति-पत्नी की पहचान को विलीन कर देता है, तथा दृढ़ता से कहा कि **प्रत्येक व्यक्ति की [निजिता का अधिकार] सर्वोपरि** है।
- **आधार (वित्तीय और अन्य प्रसुविधाओं, लाभों और सेवाओं का लक्षित परिदान) अधिनियम, 2016 की धारा 33** के तहत उचित प्रक्रिया का पालन करने की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए न्यायालय ने इस धारणा को खारिज़ कर दिया कि विवाह पति-पत्नी की पहचान को जोड़ता है तथा दृढ़ता से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की निजिता का अधिकार सर्वोपरि है।

और पढ़ें...[निजिता का अधिकार]

आयुष्मान आरोग्य मंदिर: स्वास्थ्य सेवा में परिवर्तन

केंद्र सरकार ने मौजूदा [आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों] **(AB-HWC)** का नाम बदलकर **'आरोग्यम परमं धनम्'** टैग-लाइन के साथ **'आयुष्मान आरोग्य मंदिर'** करने का निर्णय लिया है।

- आयुष्मान भारत का लक्ष्य **चयनात्मक स्वास्थ्य सेवा से हटकर निवारक,** प्रोत्साहन, उपचारात्मक, पुनर्वास और उपशामक देखभाल को कवर करते हुए सेवाओं की एक पूरी शृंखला की पेशकश करना है। इसमें दो घटक शामिल हैं:
  - **पहला:** निःशुल्क व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिये 1,50,000 **स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (HWC)** का निर्माण, समुदाय स्तर पर कल्याण तथा सेवाओं की व्यापक शृंखला पर ज़ोर देना।
  - **दूसरा:** [प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY)], माध्यमिक और तृतीयक देखभाल के लिये 10 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करता है।
- HWC का लक्ष्य **गैर-संचारी रोगों, उपशामक व पुनर्वास देखभाल, मौखिक, आँख और ENT देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य सहायता एवं आपात स्थिति और आघात** के लिये प्रारंभिक देखभाल के साथ-साथ मुफ्त आवश्यक दवाओं तथा निदान सहित सेवाओं की एक विस्तृत शृंखला प्रदान करना है।

और पढ़ें...[आयुष्मान भारत]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-29-november,-2023